## संस्थाओं ने किए बेटियों के हाथ पीले

**अलवर।** नेक कमाई समूह और डॉ. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से चलाए जा रहे कन्यादान कार्यक्रम में 11 बेटियों का एक साथ कन्यादान किया गया। इस कार्यक्रम में अलवर में पहली बार इतनी बडी तादाद में महिलाएं और कई संगठनों के पदाधिकारी कन्यादान करने पहुंचे।

इस अनूठे कार्यक्रम में राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने सभी दुल्हनों को अपनी ओर से एक-एक लहंगे प्रदान किए। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे संत सुदर्शनाचार्य महाराज की ओर से भी बेटियों को शॉल सहित कई उपहार मिले। कार्यक्रम में कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आकर बेटियों के हाथ पीले कर कन्यादान किया। इससे पहले महिलाओं ने दुल्हनों के हाथों में मेहंदी लगाई और तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। अलवर नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर ने इसे अनुकरणीय कार्य बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर संत सुदर्शनाचार्य ने कहा कि यह आपसी सद्भाव और प्रेम की मिसाल है जब इतने सारे लोग बेटी का कन्यादान करने आए जिससे बेटियां अपने आपको अकेला नहीं समझे।कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई समूह दो वर्ष में 124 बेटियों का कन्यादान कर चुका है। हमारे पास अब काफी संखया में जरूरतमंद बेटियों के आवेदन आने लगे हैं।

# तिजारा क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर कार्रवाई की

**किशनगढ़बास/खैरथल।** जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका व भिवाड़ी एसपी डीआईजी योगेश दाधीच के नेतृत्व में गठित टीम ने तिजारा क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर कार्रवाई की। कलेक्टर व एसपी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई से अवैध खनन कर्ताओं में हड़कंप मचा है।

जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने बताया कि सोमवार को पुलिस और वन मीनिंग व परिवहन अधिकारियों की

- **जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका व भिवाड़ी एसपी डीआईजी योगेश दाधीच के नेतृत्व में टीम गठित की**

टीम के साथ तिजारा क्षेत्र के गांव हसनपुर माफी लादिया व वन वन झिवाणा में आकस्मिक कार्रवाई करते हुए अवैध खनन को लेकर खनन माफियाओं की ओर से बनाए गए अवैध रास्तों को जेसीबी की मदद से खुदाई बंद कराया गया। अधिकारियों के दल को देखकर लोग छोड़कर भाग गए।



अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करते जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ ढाका व अधिकारी।

जिला कलेक्टर ढाका ने बताया कि अवैध खनन को लेकर जिले भर में अलग-अलग बनी गठित टीम ने अवैध खनन की रोकथाम को लेकर किशनगढ़बास मुंडावर कोटकासिम क्षेत्र में नाकाबंदी व दबिश की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कोटकासिम व मुंडावर टीम ने पत्थरों से भरी एक एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त की। इसी प्रकार किशनगढ़बास क्षेत्र के गांव देवता व औदरा में जब इस देकर अवैध खनन तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अलावा श्योपुर भेडंटा की पहाड़ी गिरवास बघेरी बैराड़ी में टीम ने दबिश दी। जिलेभर में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला कलेक्टर ने माईनिंग वन परिवहन व पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में होने नहीं दिया जाएगा। अवैध खनन होता पाया जाता है तो संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**किशनगढ़ बास।** विधायक दीपचंद ख़ैरिया के जन्म दिवस पर मानव कल्याण सेवा समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने पहुंच कर रक्तदान किया और विधायक को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। शिविर में रामगढ़ विधायक जुबेर खान मुंडावर विधायक ललित यादव बहरोड़ कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव कांग्रेस नेता बलराम यादव सहित कई नेता पहुंचे और खेरिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। शिविर में 329 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। विधायक ख़ैरिया के निजी सचिव सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि सोमवार को विधायक दीपचंद खेरिया के जन्मदिन पर शहर की मानव कल्याण सेवा समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने रक्तदान कर विधायक दीपचंद खेरिया को जन्मदिन की बधाई दी व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर विधायक दीपचंद खेरिया ने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को कहा रक्तदान करने से स्वस्थ शरीर रहता है वही दान किए गए रक्त से हम अनेक जान बचाते हैं। उन्होंने अपील की और कहा हर व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए रक्त का दान करते रहना चाहिए जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके और हम किसी की जान बचा सके।

## भामाशाहों ने श्री कृष्ण गौशाला प्रागपुरा को दी ट्रैक्टर ट्रोली

**पावटा।** प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक पर श्री कृष्ण गौशाला प्रागपुरा के द्वारा भामाशाह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व में हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम एक शाम गौ माता के नाम में भामाशाहों द्वारा कृष्ण गौशाला प्रागपुरा में धन राशि सहित अन्य सहयोग के लिए आभार हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रागपुरा कस्बे मे श्री कृष्ण गौशाला को समाजसेवी एवं भामाशाह शंकर स्वामी हरिप्रसाद बल्लीवाल द्वारा ट्रैक्टर व ट्रोली भेंट की गई। टैक्टर शंकर स्वामी व ट्राली हरिप्रसाद बल्लीवाल द्वारा भेंट किया गया। प्रागपुरा श्री कृष्ण गौशाला समिति सदस्यों ने बताया कि गोशाला में हरा चारा, चारा सहित अनेक कार्यो के लिए ट्रैक्टर ट्रोली की आवश्यकता थी, जिसके लिए समाजसेवी एवं भामाशाह शंकर स्वामी हरिप्रसाद बल्लीवाल द्वारा ट्रैक्टर व ट्रोली ट्रैक्टर भेंट किया गया। पंडित द्वारा ट्रैक्टर ट्रोली की विधिवत पूजन कर समाजसेवी एवं भामाशाह शंकर स्वामी हरिप्रसाद बल्लीवाल द्वारा प्रागपुरा श्री कृष्ण गौशाला समिति अध्यक्ष रूपसिंह, मदन लाल, मिंटू शर्मा पार्षद नपा प्रागपुरा पावटा, पूर्व सरपंच एलन स्वामी, बद्री सैनी, रतन जोशी, मोहन सिंह, प्रवीण पारीक, कमलेश सैनी सहित अनेक गौ भक्त सदस्यों की मौजूदगी मे समिति को सौपा गया। इस दौरान राजेंद्र यादव राजश्री, शंकर स्वामी, पप्पू यादव तुडीवाला विकास यादव सहित सभी भामाशाहों का साफा, माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत और आभार व्यक्त किया गया।

## छात्र छात्राओं को जर्सियां बांटी

**लालसोट।** विधायक रामबिलास मीणा ने कहा कि बालकों में भगवान बसते हैं और बालकों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के समान है। विधायक मीणा ने अनुराग सेवा संस्थान लालसोट द्वारा अनुराग शिक्षा पूर्णता अभियान के अन्तर्गत चौंडियावास ग्राम में पितृ विहीन व छोटे बालक बालिकाओं के लिए आयोजित जर्सी वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि संस्थान द्वारा मानव व जीवों के लिए किए जावंचितों की सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के समान है। मानव सेवा में ही जीवन की सार्थकता है । मंच संचालन जय प्रकाश जोशी ने किया । इस अवसर पर अनुराग सेवा संस्थान के संस्थापक सियाराम शर्मा, राजेन्द्र डोब, मोहित काडोल्या एम्स दिल्ली, हरकेश मटलाना , मीना, सरोज मीना, संजय मीना सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**टोंक।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता सप्ताह का आयोजन सोमवार, 15 जनवरी से आरंभ हुआ। सड़क सुरक्षा सप्ताह गतिविधियों के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से ई-रिक्शा रैली का आयोजन किया गया। रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्श चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल बैरवा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथियों ने वाहन चालकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सबका प्रयास एवं भागीदारी की आवश्यकता है। जिले में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में व्यक्ति, विशेष रूप से युवा यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण मृत्यु एवं घायल हो जाते है। साथ ही, कुछ ० शारीरिक अपंगता के कारण सामान्य जीवन नहीं जी पाते है। यह न केवल वाहन चालकों बल्कि उनके परिवार एवं जिले के लिए भी अपूरणीय क्षति है। यदि हम सभी मिलकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन चलाते एवं पैदल चलते समय यातायात नियमों के बारे में बताया एवं उनका पालन करने को कहा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा वर्ष 2024 की थीम सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा है।

उन्होने बताया कि महीने के तहत समझाइश, जागरूकता व कार्यवाही पर फोकस रहेगा। ओवरलोड व ओवर क्राउडिंग करने वाले वाहनों को समझाइश व कार्यवाही, ट्रेफिक पुलिस के साथ समन्वय करते हुए आमजन में यातायत सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों, अच्छे मददगार की गाइडलाइन का प्रचार कराना, माय भारत पोर्टल पर क्विज का आयोजन करना सहित कई गतिविधियां होगी।

# नि:शुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**फुलेरा।** कस्बे में पिछले कई वर्षों से पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण मे कार्यरत संस्था डब्लूसीओ (वाइल्ड लाइफ करिएचर ऑर्गेनिजेशन) और एडब्लूएस (एनिमल वेलफेयर संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में घायल पक्षी का उपचार किया जा रहा है।

वहीं क्षेत्र में प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति पर्व पर पतंगबाजी में पतंग के मांझे से घायल पक्षियों के उपचार हेतु संस्था द्वारा नगर पालिका के निकट संचालित तीन दिवसीय निशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर में उपचार किया जाता है। संस्था के ओमप्रकाश सैन पिन्टी ने बताया कि पशु चिकित्सालय के प्रभारी विभिन्न डॉक्टरों के सानिध्य में हमारी संस्था पिछले 8 वर्षो से निशुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रही है। इस वर्ष आयोजित शिविर में पहले दिन 2 व दूसरे दिन शाम होने तक 9 घायल पक्षियों का इलाज किया।



शिविर में घायल पक्षी का उपचार करते हुए।

## कलेक्टर ने मंदिरों में सजावट के लिए आदेश जारी किए

**खैरथल।** देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर हनुमान मल ढाका नें एक आदेश जारी कर 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में जिलेभर के मंदिरों में विशेष सजावट/विद्युत् रौशनी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जाने के लिए निर्देश जारी किए है। जिला कलेक्टर ढाका ने अधिकारियों को जिले के सभी अराजकीय मंदिरों में विभिन्न गतिविधियां जैसे मंदिर परिसरों की साफ सफाई, सजावट, रोशनी, सत्संग, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, अयोध्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, विशेष आरती, मुख्य मंदिरों के आसपास होर्डिंग एवं प्रसादी आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।

# सरकारी स्कूल में मिला युवक का शव

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के बाडीजोडी गांव स्थित सरकारी स्कूल परिसर में एक युवक का शव पडा मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बाडीजोडी निवासी दीपक बुनकर के रूप में हुई है।

शव मिलने की सूचना पर उमेश निठारवाल शाहपुरा डीएसपी, अमृतसर थानाधिकारी, मनोहरपुर थानाधिकारी, चंदवाजी थानाधिकारी, शाहपुरा थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घटनास्थल मौका मुआयना किया। वही मौके पर स्कवायड डॉग व एसएफएल टीम को बुलाया गया जिन्होंने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने युवक की हत्या करने का आरोप लगाया है। गुस्साए परिजन और ग्रामीण शव लेकर सडक पर बैठ गए है और आरोपियों को गिरतार करने की मांग कर रहे है। बताया जा रहा है कि दीपक मकर सक्रांति पर गांव आया हुआ था और रविवार शाम गांव में घूम रहा था। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। सोमवार को दीपक का शव स्कूल परिसर में पडा मिला। ग्रामीणों ने शव पडे होने की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। फिलहाल पुलिस ग्रामीणों से समझाइश कर रही है लेकिन ग्रामीण अपनी मांग घटना का जल्दी से जल्दी खुलासा कर मुल्जि मो को गिरतार करने, मृतक के परिवार को मुवावजा व सरकारी नौकरी दिलाने सहित अन्य मांगो पर अडे रहे। वही मौके पर पहुँचे विधायक कुलदीप धनकड ने अपनी तरफ से मृतक परिवार को एक लाख रुपए, मृतक के परिवार मे किसी एक को संविदा पर नौकरी व मुल्जिमो को सत से सत सजा देने की बात कही।

# पोंग डेम में टैग किया बार हेडेड गूज सफेद हंस पहुंचा मोरेल बांध

**लालसोट।** उपखंड क्षेत्र के प्रमुख मोरल बाध पर हिमाचल प्रदेश के पोंग डैम में पक्षी वैज्ञानिक को द्वारा सफेद हंस के नाम से जाने जाने वाले बार हेडेड गूज की जीवन चर्या को पुरी तरह जानने को लेकर वहां टैग करने के बाद अब उस बार हेडेड गूज ने मोरल बांध में खुद की मौजूदगी दर्ज कराई है।

पोंग डेम हिमाचल प्रदेश में टैग किया बार हेडेड गूज सफेद हंस को प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के द्वारा मोरेल बान्ध पर देखकर तथा उसका फोटो लिया । प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया की लाल रंग की कॉलर जिस पर सफेद रंग से पी 40 लिखा हुआ था। बार हेडेड गूज मोरेल बांध पर कई परिंदों के साथ दिखाई दिया। यह पहली बार था जब कोई टैग पक्षी मोरेल बांध पर दिखाई दिया। इसकी पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहे एसोसिएट प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया द्वारा बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी को सूचित करते हुए इस पक्षी की डिटेल पता की। बी एन एच एस के साइंटिस्ट सुब्रता देबेटा ने बताया की उन्होंने फरवरी 2023 में पोंग बांध हिमाचल में इस पक्षी को पी 40 रेड कॉलर के द्वारा टैग किया था।इन दिनों मोरेल बांध हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षियों से गुलजार है। इन्ही विदेशी मेहमान परिंदो में इस में बार-हेडेड गूज एंसर इंडिकस का एक दल मोरेल बांध की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है। मोरेल बांध की जैवविविधता और प्रवासी पक्षियों के डेटा संधारण का कार्य कर रहे मोरेल मैन के नाम से प्रसिद्ध राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि बार हेडेड गूज जिसे सामान्यतया सफेद हंस के नाम से भी जानते है एक हल्के भूरे रंग का पक्षी है, जो अपने सिर पर दो काली पट्टियों, पीले-नारंगी चोंच और पैरों की विशेष पहचान के द्वारा जीनस एंसर के किसी भी अन्य ग्रे गीज़ से आसानी से अलग पहचाना जाता है।

यह मध्यम आकार का हंस है जिसकी कुल लंबाई में 70-75 सेमी लम्बाई और इसका वजन 1.6 से 3.2 किलोग्राम तक होता है। दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले यह पक्षी सर्दियों के मौसम में तिब्बत, कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस आदि जगहों से लगभग आठ हजार किलोमीटर का एक लंबा सफर तय करके हिमालय की ऊंची चोटियों को पार करके भारत में आते है। ये पक्षी अपने प्रवास के दौरान उड़ते समय अंतर बनाए रखने के लिए और एक दूसरे के साथ से संवाद करने के लिए तथा अपनी ऊर्जा बचने के लिए वी-आकार की संरचनाओं में उड़ते हैं। बार-हेडेड गीज़ लगभग 25 से 27 हजार फीट की ऊँचाई उड़ने में सक्षम बहुत शक्तिशाली फ़्लायर हैं जो इतनी ऊंचाई पर चलने वाली तेज हवाओं और कम तापमान को भी सहन करके अपने पंखों से लगातार गर्मी उत्पन्न करते रहते है। इस तरह की गर्मी पहाड़ों पर उड़ते समय बर्फ को अपने पंखों पर जमने से रोकने में मदद करती है। इनमें एक विशेष प्रकार का एमिनो एसिड व हीमोग्लोबिन भी होता है जो अन्य पक्षियों की तुलना में ऑक्सीजन को जल्दी अवशोषित करता है। इसीलिए ये इतनी ऊंचाई पर आसानी से उड़ सकते है।



लालसोट क्षेत्र के प्रमुख मोरल बांध में हिमाचल के बांध में पक्षी वैज्ञानिकों द्वारा टैग किया गया पक्षी बार हेडेड गीज।

- **बार हेडेड 25 से 27 हजार फीट की ऊँचाई उड़ने में सक्षम है, पक्षी वैज्ञानिकों ने गूज की जीवन चर्या पर रिसर्च किया**

## जमकर दान-पुण्य के कार्य के साथ हुई पतंगबाजी

**फुलेरा।** कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों में रविवार व सोमवार को सभी समुदायों के लोगों द्वारा मकर सक्रांति का पर्व आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार मकर संक्रांति 2 दिन तक इसलिए मनाई गई। क्योंकि सूर्य मकर राशि में कब प्रवेश करेगा।

इस जानकारी के अभाव में एवं कुछ लोगों के द्वारा परंपरागत 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता रहा है। ऐसी बनी हुई परंपरा की वजह से भी मकर संक्रांति क त्यौहार को लोगों द्वारा दो दिन मनाया गया। इसके चलते मकर संक्रांति के पहले दिन रविवार को कुछ जन समुदाय में रविवार को ही मकर संक्रांति मानते हुए देखा गया तो कुछ ने सोमवार को भी मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति के त्यौहार की धूम लगातार दो दिन तक देखी जाएगी। इस दौरान अल सुबह से ही लोग पतंग डोर लेकर छतों पर चढ़े नजर आये और दिनभर पतंगबाजी का दौर जारी रहा। इसके साथ ही चारों ओर डीजे पर गूंज रहे विभिन्न फिल्मी व राजस्थानी तथा भक्ति गीत-संगीत के बीच पतंगबाजी में हर पेच के साथ हो-हुल्लड़ की मस्ती और वो काटा-वो मारा का शोर गूंजने लगा। वहीं दूसरी ओर मकर संक्रांति को लेकर रविवार व सोमवार को अल सुबह से ही मन्दिरों व सार्वजनिक स्थानों पर धर्मावलंबियों एवं दान-दाताओं द्वारा दान-पुण्य के कार्यक्रम का दौर शुरू किया गया।

## सार-समाचार

### भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने श्रमदान किया

**जयपुर।** सोमवार को जयपुर में कौशल्यादास जी की बगीची स्थित राम मंदिर में जयपुर देहात (उत्तर) उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर पर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देशव्यापी वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर रत्ना कुमारी ने मंदिर परिसर में साफ सफाई कर प्रभु श्रीराम के आगमन पर स्वागत के लिए रंगोली बनायीं। इस दौरान मन्दिर परिसर के संत, सहित कार्यकर्तागण एवं आमजन उपस्थित रहे।



### पूर्व चिकित्सा मंत्री ने गर्म वस्त्र बांटे

**मंडावरी।** पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने खुद के गृह क्षेत्र मंडावरी स्थित परशुराम सेवा सदन में ब्राह्मणों को बुला कर सम्मान पूर्वक गर्म वस्त्र समर्पित किए गए। वही परशुराम सेवा सदन पहुंचे सभी विप्र जनों को चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा गर्म वस्त्रों का सम्मान किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा विगत कई सालों से मकर सक्रांति के मौके पर ब्राह्मण जनों का सम्मान कर अन्य लोगों को भी दान पुण्य सम्मान कर धर्म लाभ प्राप्त करने का कार्य करते रहे हैं। परशुराम सेवा सदन में एक सादा समारोह में चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा सर्वप्रथम ब्रह्मजनों का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। इसके बाद गर्म वस्त्र वितरण के साथ दान दक्षिणा भी दी गई। चिकित्सा मंत्री द्वारा धर्म कर्म के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्राह्मणों के कई वर्ग के लोग भी मौजूद रहे। वही पूर्व मंत्री द्वारा गर्म इस कड़ाके की ठंड में गर्म वस्त्र के साथ सम्मान पाकर लोग काफी खुश एवं उत्साहित नजर आए। पूर्व मंत्री द्वारा इस गर्म वस्त्र दान करने की चौतरफा लोगों द्वारा जमकर प्रशंसा की गई। इस दौरान पूर्व चिकित्सा मंत्री द्वारा किए गए ब्राह्मणों के सम्मान के अलावा अन्य वर्गों को वस्त्र समर्पण के दौरान ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा बंधु युवा अध्यक्ष दीपक शर्मा महेश हिन्डोनिया, गिर्राज पंडा, ओमप्रकाश मिश्र, सुमेश भेड़ोल्या, रामधन भेड़ोल्या, मोहन मिश्र, रमेश इंग्लिश, विमल मास्टर भारद्वाज, प्रहलाद शर्मा, श्याम खाड्या, बिरजु पान वाले, रामस्वरुप तामडायत, ओम प्रकाश शर्मा, चिरंजी लाल गोतम, लोकेश आदि कई ब्राह्मण एवं गौतम ब्राह्मण समाज व अन्य समुदाय के लोग भी मौजूद रहे।

### अश्लील क्लिप बनाने का आरोप

**दौसा।** जिले की कोलवा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को मामला दर्ज होने के बाद ढाई दिन में ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 12 जनवरी को मामला दर्ज हुआ था कि पड़ोसी गांव का रहने वाला युवक गोपाल, जो प्रार्थी के छोटे बेटे का दोस्त बन गया और घर पर आने-जाने लगा। जिसने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने प्यार में फंसा लिया और उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करके अश्लील क्लिप बना लिए। जिन्हें वायरल करने की धमकी देते हए उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करने लगा। रिपोर्ट में परिजनों ने बताया कि 9 जनवरी को रात 11 बजे उसकी बेटी घर पर नहीं मिली। आसपास ढूंढा तो पता चला कि आरोपी उसकी बेटी को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस संबंध में मामला दर्ज होने के बाद थाना इंचार्ज किताब चौधरी ने पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने अलवर से आरोपी गोपाल कोली निवासी दुड़की थाना कोलवा को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 'मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे'

**अलवर।** अलवर ग्रामीण विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के आथित्य में आज अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक उमरैण व मालाखेडा की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। जूली ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को राहत प्रदान करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करते हुए ब्लॉक में पानी, बिजली व सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों का दायित्व बनता है कि वह जनता की समस्याओं का सही समय पर निस्तारण करें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के इशारों पर जनता के विकास के लिए आयोजित साधारण सभा की बैठक में नहीं पहुंच कर अफसर मनमानी कर रहे हैं।

### अस्सी किलो का दडा से होता है, अकाल और सुकाल का फैसला

**टोंक।** देवली उपखण्ड के आवां कस्बे में रविवार को 120 वर्ष पुराना खेल धड़ा बाद ही उत्साह के साथ खेला गया, इसमें गांव के आसपास के लोग उमंग व उत्साह के साथ शामिल होते हैं, यह दडा एक बड़े फुटबॉल की गेंद के समान होता है, जो करीब 80 किलो का होता है। लोग इसको अपनी-अपनी तरफ ले जाना चाहते हैं, इस खेल को देखने के लिए गांव के मकान की छत पर लोगों का हुजूम लगा रहता है, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहते हैं, इस खेल को खेलने वालें का आजतन उत्साह वर्धन करते हैं। इस खेल के माध्यम से अकाल और सकल का संकेत मिलता है, इस वर्ष इस खेल से पता चला है कि यह वर्ष सामान्य रहेगा। इस खेल को उनियारा दरबार राव राज सरदार सिंह लोगों को सेना में भर्ती होने के लिए खिलाते थे, लोगों की मान्यता है कि यह दो दरवाजो के बीच खेला जाता है, हर्निया दरवाजे के पास धड़ा गया तो आक्रमण और दूसरे दरवाजे की और गया तो शिकार माना जाता है तथा दडा शुरू होने वाली जगह ही रहता है, तो उसे सामान्य माना जाता है।

### एक ट्रैक्टर ट्रोली मय बजरी जप्त

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा द्वारा अवैध बजरी खनन एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के निर्देशों की पालना मे सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन मे प्रागपुरा थाना प्रभारी अधिकारी कंवर सिंह के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रोली मय बजरी जप्त किया। वही ट्रैक्टर ट्रोली के चालक मौके से फरार हो गए। प्रागपुरा थाना प्रभारी अधिकारी कंवर सिंह ने बताया कि पहले भी प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा अवैध खनन के के खिलाफ कार्यवाही कर ट्रैक्टर, डंफरो को जप्त कर आरोपियों को गिरतार भी किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**पावटा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 प्रागपुरा पुलिया के पास हुई सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। प्रागपुरा थाना पुलिस ने इलाज के लिए घायल महिला को कोटपुतली बीडीएम अस्पताल मे भर्ती करवाया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रागपुरा थाना पुलिस ने बताया कि एक नाम पता नामालूम महिला की प्रागपुरा पुलिया के पास सडक दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। अज्ञात मृतक के शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतका के शव को पहचान के लिए पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखवाया गया है। मृतका की उम्र 40-50 साल के करीब है। मृतका ने महरूम कलर का लहंगा व पैरों मे कथई रंग की जुराब व हाथो मे दस्ताने पहन रखे है।

### एक किलो 200 ग्राम डोडा चूरा बरामद

**टोंक।** दूनी क्षेत्र में पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक देवली सुरेश कुमार ने बताया कि रविवार को थानाधिकारी दूनी भवानी शंकर व पुलिसकर्मियों जब संथली चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच एक युवक पुलिस को देखकर संथली की ओर भागने लगा। शंका होने पर पुलिस ने उसे पड़कर तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक की थैली में एक किलो 200 ग्राम डोडा चूरा मिला। जिसका उक्त युवक अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक विनोद सेन पुत्र रामनिवास सेन निवासी संथली को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर अनुसंधान जारी है।